Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 84 ▫ रायपुर, शनिवार 19 अप्रैल 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भारतीय राजनीति में एक बड़ा संगठनात्मक फेरबदल जल्द देखने को मिल सकता है। भारतीय जनता पाटी इस वीकेंड तक पांच राज्यों के लिए नए प्रदेश अध्यक्षों के नाम का ऐलान कर सकती है। इसके तुरंत बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, अप्रैल के अंत तक बीजेपी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकता है, जो 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी की नई दिशा और रणनीति तय करेगा।

**बदल जाएगी पूरी भाजपा कैबिनेट**

भाजपा के संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले कम से कम 50 प्रतिशत राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति होनी जरूरी है। अब तक 14 राज्यों में नए अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे बड़े राज्यों में यह पद अभी खाली है। इस हफ्ते इन राज्यों के लिए नामों का ऐलान हो सकता है। इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। यह मंथन अगले अध्यक्ष के चयन और संगठनात्मक बदलावों की ओर इशारा करता है।

सूत्रों के मुताबिक, अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा इसको लेकर मनोहर लाल खट्टर, धर्मेंद्र प्रधान, और भूपेंद्र यादव जैसे दिग्गज नेताओं के नामों पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इन नामों पर जल्द ही ꣲ से भी फीडबैक लिया जाएगा। बीजेपी अध्यक्ष के चुनाव के बाद मोदी कैबिनेट में भी विस्तार और फेरबदल की संभावनाएं जताई जा रही हैं। माना जा रहा है कि इसमें एनडीए सहयोगी दलों जैसे एनसीपी, शिवसेना और बिहार के नेताओं को भी जगह मिल सकती है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। जेपी नड्डा जनवरी 2020 में अध्यक्ष बने थे। आम तौर पर बीजेपी अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है, लेकिन चुनाव टलते रहे और नड्डा का कार्यकाल बढ़ा दिया गया। 2024 के लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी अब सोच-समझकर अगला चेहरा चुनना चाहती है, ताकि आगामी राज्य चुनावों और 2029 की तैयारियों के लिए रणनीति पक्की की जा सके।

## भिलाई में रील्स बनाते समय सड़क हादसे में 2 दोस्तों की मौत




**दुर्ग/भिलाईनगर,** 19 अप्रैल (हाईवे चैनल)। आज शनिवार अलसुबह छावनी थाना अंतर्गत फोरलेन में एक सड़क हादसे में दो नाबालिक की मौत हो गई है, जबकि इस घटना में एक उनका साथी घायल हो गया। मामले में छावनी पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रह है । मिली जानकारी के अनुसार तीन नाबालिग दोस्त बाइक से कल रात में निकले थे, तभी अचानक उनकी बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और वे सड़क किनारे खड़ी पिकअप में जा घुसे। हादसे में 2 दोस्तों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया वहीं एक घायल हुआ है। घायल आदित्य ने पुलिस को बताया कि तीनों दोस्त एक बाइक में बैठकर निकले थे। बाइक हर्ष चला रहा था। आदित्य पीछे बैठा था वे विडियो बना रहा थे वो सभी बाइक से खुर्सीपार की ओर जा रहे थे। तभी उनकी बाइक का संतुलन अचानक बिगड़ गया और बगल से गुजर रही एक बाइक से टकराए और उनकी बाइक खड़ी पिकअप में घुस गई।

**सुबह-सुबह छावनी थाना क्षेत्र में हुआ हादसा**

बताया जा रहा है कि हर्ष, जय और आदित्य को सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाने का इतना शौक था कि तीनों कभी भी घर से निकल जाते थे। बीते 16 अप्रैल को भी वो लोग पूरी रात टाउनशिप के अलग-अलग सेक्टर में घूम-घूमकर वीडियो बना रहे थे। पुलिस ने बताया कि गौतम नगर में रहने वाला जय बंसोड़ 17 वर्ष और हर्ष मेश्राम 16 वर्ष की ब्रिज से नीचे गिरने से मौत हुई है। तीसरा लड़का सुपेला खटाल बस्ती का रहने वाला आदित्य चौहान 16 वर्ष घायल है। उसे उपचार के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। इस हादसे में पिकअप से टकराने से हर्ष और जय का सिर में गंभीर चोट आई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आदित्य के गले में चोट आई। उसकी हालत ठीक बताई जा रही है। पुलिस घायल और मृतकों को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला लेकर गई थी। जय बंसोड़ की मां ने बताया कि वो अपने पिता प्रकाश के साथ धुमाल बजाने का काम करता था। शुक्रवार रात को ही वो एक शादी पार्टी से धुमाल बजाकर पिता के साथ लौटा था। पिता ने जय और उसके भाई को 50-50 रुपए दिए। इसके बाद जय मां को बोलकर निकला की वो पार्टी में जा रहा है। कुछ देर बाद सूचना मिली की उसका एक्सीडेंट हो गया है। हर्ष की दादी गंगा बाई ने बताया कि वह काफी हंसमुख था। उसका एक बड़ा भाई प्रतीक और छोटी बहन मुस्कान है। कई घंटे तक मां के रोने के बाद हर्ष के पिता प्रदीप मेश्राम और अन्य परिजनों ने मां कशिश को कहा कि हर्ष का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक घंटे में छुट्टी मिल जाएगी। इसके बाद वो अस्पताल से घर गई। पुलिस ने उनके मोबाइल से वो विडियो लिया है। बहरहाल सुपेला पुलिस मामले की जांच में जुटी है। आज दोनों शवों का पोस्टमार्टम होगा। उसके बाद शव परिजनों को सौप दिया जाएगा।

### ब्रेकिंग न्यूज

## अंडरवर्ल्ड डॉन मुथप्पा राय के बेटे को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारी

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (न्यूज चैनल)। अंडरवर्ल्ड डॉन एन मुथप्पा राय के बेटे को कर्नाटक के रामनगर में बिदादी स्थित उसके घर के पास अज्ञात हमलावरों ने कथित तौर पर गोली मार दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुथप्पा राय की 2020 में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि मुथप्पा राय के बेटे रिकी राय का बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। यह घटना शुक्रवार देर रात एक से डेढ़ बजे के बीच उस समय हुई जब रिकी अपनी कार से बिदादी से बेंगलुरु जा रहा था। उसने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर गोलियां चलाईं और एक गोली वाहन में लगी। पुलिस ने बताया कि रिकी अपने गनमैन के साथ पीछे की सीट पर बैठा था तभी गोली कार चालक की सीट को भेदती हुई निकल गई, जिससे चालक और रिकी दोनों घायल हो गए। उसने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और संदिग्धों को पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## शादी में खाना खाने के बाद बिगड़ी तबियत, बच्ची की मौत, 4 गंभीर

**बालोद,** 19 अप्रैल (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बालोद में शादी का खाना खाने के बाद परिवार के लोगों की तबियत बिगड़ गई. गंभीर हालात में सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 15 साल की बच्ची की मौत हो गई. वहीं मृतिका की दो बहन और दो बुआ का रायपुर के अस्पताल में इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, सभी लोग बालोद नगर के आमापारा के रहने वाले हैं. मृतिका और अन्य 4 लोग भिलाई के रिसाली भाटा में शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पहुंचे थे. जहां सभी ने खाना भी खाया. कायक्रम से वापस लौटने के दौरान ट्रेन में अचानक से सभी की तबियत बिगड़ गई. आनन-फानन में सभी को अस्पताल पहुंचाया गया. जहां बच्ची की मौत हो गई.

## कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (न्यूज चैनल)। भारत की एक युवा अंतर्राष्ट्रीय छात्रा की ओंटारियो के हैमिल्टन शहर में गैंगलैंड शैली की गोलीबारी के दौरान मौत हो गई है। हैमिल्टन पुलिस ने पीड़िता की पहचान 21 वर्षीय मोहॉक कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा के रूप में की है। वह काम पर जाने के लिए बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रही थी, तभी उसे गोली लग गई। पुलिस ने बयान में कहा कि जांचकर्ताओं का मानना ??है कि महिला एक निर्दोष व्यक्ति थी, जो इलाके में गोलीबारी के दौरान चपेट में आ गई। यह घटना गुरुवार शाम लगभग 7.30 बजे घटी, जब पुलिस ने बताया कि वे एक व्यक्ति की हत्या के मामले की जांच कर रहे थे। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि ओंटारियो के हैमिल्टन में भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की मौत की घटना से हम अत्यंत दुखी हैं।




**चूहा- सुनती हो, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका के क्रियाकलाप को लेकर कड़ी टिप्पणी की है।**

**चुहिया- हां जी, अगर जज के घर नोटों का पहाड़ मिलेगा तो सवाल तो जायज है ?**

## नवीन पटनायक नौवीं बार निर्विरोध चुने गए बीजद के अध्यक्ष



**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (न्यूज चैनल)। बीजद ने शनिवार को शंख भवन में औपचारिक रूप से नतीजों की घोषणा की। बीजद नेता प्रदीप माझी ने कहा कि बीजू जनता दल के अनगिनत कार्यकर्ता और नेता इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि नवीन पटनायक फिर से पार्टी के सुप्रीमो चुने जाएं। उनके नेतृत्व में हम सभी सजग सिपाही की तरह काम करेंगे और 2029 में पार्टी को फिर से सत्ता में लाएंगे। विपक्ष के नेता (एलओपी) और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक लगातार 9 बार बीजू जनता दल (बीजेडी) के अध्यक्ष चुने गए। चूंकि क्षेत्रीय पार्टी से किसी ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया था, इसलिए उन्हें निर्विरोध चुना गया। बीजद ने शनिवार को शंख भवन में औपचारिक रूप से नतीजों की घोषणा की। बीजद नेता प्रदीप माझी ने कहा कि बीजू जनता दल के अनगिनत कार्यकर्ता और नेता इस पल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे कि नवीन पटनायक फिर से पार्टी के सुप्रीमो चुने जाएं। उनके नेतृत्व में हम सभी सजग सिपाही की तरह काम करेंगे और 2029 में पार्टी को फिर से सत्ता में लाएंगे।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर एक की मौके पर मौत, 2 गंभीर



**बालोद,** 19 अप्रैल (हाईवे चैनल)। ालोद में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी. हादसे में 1 युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक की पहचान आडेझर निवासी भूपेश कुमार कोमरे के रूप में हुई है. घायलों को डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत को देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया.

जानकारी के अनुसार पावर एक्सएल बाइक से तीन दोस्त डौंडी से अपने गांव के तरफ जा रहे थे. तभी अचानक विपरीत दिशा से आ रही कार ने ग्राम खैरवाही के पास बाइक सवार तीन दोस्त भूपेश कुमार कोमरे 19 वर्ष, समीर कोमरे पिता सुरेश कोमरे 18 वर्ष ,नेमीचंद लोहार पिता जागेश्वर 19 वर्ष, को अपने चपेट में ले लिया. ग्राम आडेझर निवासी भूपेश कुमार कोमरे ने मौके में दम तोड़ दिया तो वहीं दो दोस्त गम्भीर रूप से घायल हो गए. घायलों को 108 के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडी लाया गया, जहां इलाज के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर किया गया. घटना में कार चालक सुरक्षित बताया जा रहा है. मौके पर पहुंची डौंडी पुलिस ने देर रात शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई में जुट गई है.

## शादी में शामिल होने जा रहे दंपति को ट्रक ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी घायल



**बालोद,** 19 अप्रैल (हाईवे चैनल)। बालोद-दुर्ग मुख्य मार्ग पर शनिवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी. हादसे में बाइक चालक ट्रक में फंसकर 1 किमी तक घसीटाया और उसकी मौत हो गई. वहीं महिला गंभीर रूप से घायल है, जिसका जिला अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है. पति-पत्नी बाइक से शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे.

जानकारी के अनुसार, फूलसिंह साहू उम्र 36 वर्ष ग्राम रवेलीदीही थाना नंदनी का रहने वाला है. आज वह अपनी पत्नी टिकेश्वरी साहू के साथ ग्राम भेंगरी शादी कार्यक्रम में जा रहा था. इसी दौरान उनकी बाइक ट्रक की चपेट में आ गई. ट्रक में फंसकर बाइक चालक सड़क पर काफी दूर तक घसीटाता रहा, जिससे उसके शरीर के चिथड़े उड़ गए. घटना के बाद घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है.

## उत्तर भारत में आंधी-बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट



**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (न्यूज चैनल)। दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने अचानक करवट ली है, और शुक्रवार शाम से शुरू हुई आंधी-बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई है। मौसम विभाग के अनुसार, इस वीकेंड दिल्ली में तेज आंधी और बारिश की संभावना है, जिसके साथ ही बिजली गिरने का भी खतरा बना हुआ है। सिर्फ दिल्ली ही नहीं, देश के कई अन्य राज्यों में भी मौसम बिगड़ने की संभावना जताई जा रही है। शनिवार और रविवार को दिल्लीवासियों को फिर से मौसम की सख्ती का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विभाग ने आंधी, बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है। दिल्ली का तापमान इस दौरान 41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, लेकिन बारिश के बाद तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है। रविवार को अधिकतम तापमान 38 डिग्री तक गिर सकता है। दिल्ली के अलावा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के गंगा मैदानी इलाकों में भी आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। इसके अलावा, हिमालयी क्षेत्रों और उप-हिमालयी क्षेत्रों में भारी बारिश और बर्फबारी का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक, असम, मेघालय, त्रिपुरा और मणिपुर जैसे राज्यों में भी आंधी और बिजली की संभावना बनी हुई है।

वहीं, कुछ राज्यों में गर्मी का कहर भी जारी है। राजस्थान में लू चलने की संभावना जताई जा रही है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में भी उमस और गर्मी का असर देखा जा सकता है। उत्तर प्रदेश और पश्चिमी राजस्थान में धूल भरी आंधी चलने का अनुमान है, जबकि गुजरात में भी तेज हवाएं चल सकती हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस अचानक मौसम परिवर्तन का कारण पश्चिमी विक्षोभ है, जो उत्तरी ईरान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय है। इसके प्रभाव से 19 से 21 अप्रैल तक जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश, गरज, और तेज हवाएं चलने की संभावना है।

## अचानक ध्वस्त हुई चार मंजिला इमारत, 4 की मौत

**नई दिल्ली,** 19 अप्रैल (न्यूज चैनल)। दिल्ली की नींद उस वक्त टूट गई जब उत्तर-पूर्वी जिले के दयालपुर इलाके में शुक्रवार देर रात एक चार मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई। यह हादसा मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र के शक्ति विहार कॉलोनी में रात करीब 3 बजे हुआ, जब ज़्यादातर लोग गहरी नींद में थे।

**दिल्ली के दयालपुर इलाके में हुआ हादसा**

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, इमारत गिरने के बाद करीब 24 लोग मलबे में दब गए। राहत व बचाव कार्य में जुटे अफसरों ने अब तक मलबे से 18 लोगों को बाहर निकाला है, जिनमें से 14 को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। दुखद बात यह है कि इस हादसे में अब तक चार लोगों ꣲ चांदनी, दानिश, रेशमा और नावेद - की मौत की पुष्टि हो चुकी है। दिल्ली पुलिस, एनडीआरई, फायर डिपार्टमेंट और डॉग स्क्वाड की टीमें घटनास्थल पर राहत कार्यों में जुटी हुई हैं। स्थानीय लोग भी इस ऑपरेशन में पूरी तरह सहयोग कर रहे हैं। एडिशनल डीसीपी संदीप लांबा ने बताया कि मलबे में अभी भी कुछ लोग फंसे हो सकते हैं, जिन्हें निकालने की कोशिश की जा रही है। दिल्ली फायर सर्विस के एक कर्मी ने बताया कि उन्हें रात 2.50 बजे घटना की सूचना मिली थी। जब वे मौके पर पहुंचे तो इमारत पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी थी और चारों ओर चीख-पुकार मची हुई थी।हैरानी की बात ये है कि चश्मदीदों के अनुसार, यह इमारत न तो बहुत पुरानी थी और न ही उसकी हालत जर्जर थी। लेकिन इसका निर्माण %रू% शेप में किया गया था, जो संभवतः इसकी मजबूती पर असर डालने वाला एक बड़ा कारण रहा।

## छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में मिला सेकंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का पुरस्कार



**रायपुर,** 19 अप्रैल (हाईवे चैनल)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के शानदार प्रभावी क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी सफलता मिली है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 12वीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ को देश के बड़े राज्यों की श्रेणी में आज सेकंड बेस्ट परफॉर्मिंग स्टेट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राज्य के मोहला - मानपुर- चौकी और सक्ति को भी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बेस्ट परफॉर्मिंग जिला चुना गया है।यह दो दिवसीय राष्ट्रीय समीक्षा सम्मेलन 18-19 अप्रैल 2025 को तिरुवनंतपुरम (केरल) में आयोजित हो रहा है।

- **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में राष्ट्रीय स्तर पर मिली उपलब्धि**
- **राज्य के दो जिले मोहला-मानपुर-चौकी और सक्ति को मिला बेस्ट परफॉर्मिंग जिला अवार्ड**

भारत सरकार के कैबिनेट सचिव कृषि के करकमलों यह सम्मान आज छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से संयुक्त संचालक बी.के. मिश्रा एवं उपसंचालक उद्यानिकी नीरज शाह ने प्राप्त किया। इसके साथ ही मोहला-मानपुर-चौकी जिले की कलेक्टर श्रीमती तूलिका प्रजापति एवं सक्ति जिले के कलेक्टर टोपनो ने बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्ट्रिक्ट का अवार्ड प्राप्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि यह सम्मान राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों, कृषि मंत्री राम विचार नेताम के मार्गदर्शन और कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मेहनत का परिणाम है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के किसानों के कल्याण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की टीम को इस सफलता के लिए बधाई दी और किसानों को समय पर लाभ पहुंचाने हेतु जारी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी छत्तीसगढ़ कृषि के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेगा।